DRAFT

# कक्षा : 5 हिन्दी

| अध्ययन निष्पत्ति | अध्ययन मुद्दे | सीखने-सिखाने की प्रक्रिया |
|---|---|---|
| **अर्थग्रहण :** | | |
| H501 परिचित शब्द, सरल वाक्य, बातचीत, संवाद सुनकर और पढ़कर समझते हैं । | | |
| H501.01 परिचित शब्द सुनकर और पढ़कर समझते हैं । | • शब्द की श्रवण एवं वाचन के जरिए समझ । | • परिचित शब्दों का श्रवण एवं वाचन के जरिए अभ्यास करवाइए । इस संदर्भ में शिक्षक शब्द कार्ड, चित्रकार्ड, पाठ्य सामग्री आदि का उपयोग कर सकते हैं । |
| H501.02 परिचित सरल वाक्य सुनकर और पढ़कर समझते हैं । | • सरल वाक्य की श्रवण एवं वाचन के जरिए समझ । | • छपी हुई सामग्री का पठन, शब्द कार्ड को मिलाकर वाक्य बनाना, चित्र आधारित अनुमान लगाकर पढ़ने के अवसर प्रदान करना...जैसे अनुभव जोड़ी में या व्यक्तिगत दे सकते हैं । |
| H501.03 परिचित बातचीत और संवाद सुनकर और पढ़कर समझते हैं । | • बातचीत एवं संवाद की श्रवण एवं वाचन के जरिए समझ । | • शिक्षक–विद्यार्थी, छात्र-छात्र अपने बारे में या निजी अनुभव के बारे में एक-दूसरे से बातचीत करवा सकते हैं एवं संवाद आधारित सामग्री का पठन एवं चर्चा के अवसर प्रदान कर सकते हैं । |
| H502 गीत, सरल कविता, पहेलियाँ, परिचित बाल कहानी और चुटकुले सुनकर और पढ़कर समझते हैं । | | • कक्षा में गीत, कविता, पहेलियाँ, बाल कहानी और चुटकुले सुनकर और पढ़कर समझने के कई अवसर प्रदान किये जाएँ।<br>जैसे:<br>❖ शिक्षक द्वारा एवं तकनीकी साधनों के जरिए निर्देशित साहित्य स्वरूपों के श्रवण एवं वाचन के अवसर प्रदान कीजिए ।<br>❖ गीत, कविता का व्यक्तिगत एवं सामूहिक गान करवाइए ।<br>❖ निर्देशित साहित्य स्वरूपों के कथावस्तु के बारे में प्रश्नोत्तर एवं चर्चा कीजिए ।<br>❖ निर्देशित साहित्य स्वरूपों के बारे में विशेष अभ्यास हेतु पुस्तकालय में उपलब्ध सामग्री का पठन करवाइए एवं इनके |
| H502.01 गीत सुनकर और पढ़कर समझते हैं । | • 'गीत' का श्रवण एवं वाचन के जरिए अर्थग्रहण । | |
| H502.02 सरल कविता सुनकर और पढ़कर समझते हैं। | • 'सरल कविता' का श्रवण एवं वाचन के जरिए अर्थग्रहण। | |
| H502.03 पहेलियाँ सुनकर और पढ़कर समझते हैं । | • 'पहेलियाँ' का श्रवण एवं वाचन के जरिए अर्थग्रहण । | |
| H502.04 परिचित बाल कहानी सुनकर और पढ़कर समझते हैं | • बाल कहानी का श्रवण एवं वाचन के | |

| अध्ययन निष्पत्ति | अध्ययन मुद्दे | सीखने-सिखाने की प्रक्रिया |
|---|---|---|
| । | जरिए अर्थग्रहण । | प्रकल्प कार्य करवाइए । |
| H502.05 चुटकुले सुनकर और पढ़कर समझते हैं । | • चुटकुले का श्रवण एवं वाचन के जरिए अर्थ ग्रहण । | |
| H503 परिचित परिस्थितियों में सामान्य सूचनाओं को सुनकर और पढ़कर समझते हैं । | • श्रवण एवं वाचन के जरिए सामान्य सूचनाओं की समझ। | • छात्रों को परिचित परिस्थितियों में सामान्य सूचनाओं को सुनकर और पढ़कर समझने के अवसर कक्षा में और कक्षा बाहर प्रदान किए जाएँ।<br>जैसे :<br>❖ कूड़ा कूड़ेदान में ही डालिए ।<br>❖ माँ-बाप का आदर कीजिए । |
| H504 'क्या', 'कौन', ' क्यों ', 'कैसे', ' कब' और 'कहाँ' वाले प्रश्नों को सुनकर और पढ़कर समझते हैं । | • 'क्या', 'कौन', 'क्यों', 'कैसे', 'कब' और 'कहाँ' वाले प्रश्नों का अर्थग्रहण । | • छात्रों को 'कौन' कारकवाले प्रश्नों को सुनकर और पढ़कर समझने के अवसर कक्षा में और कक्षा के बाहर प्रदान किए जाएँ।<br>जैसे :<br>❖ छात्र द्वारा प्रश्न निर्माण करवाना ।<br>❖ वाचन सामग्री में से प्रश्नों के उत्तर खोजने की प्रक्रिया । |
| H505 21 से 50 तक की गिनती सुनकर और पढ़कर समझते हैं । | • 21 से 50 तक के अंकों की श्रवण एवं वाचन के जरिए समझ । | • मूर्त वस्तुओं के जरिए भिन्न-भिन्न गतिविधियाँ करवाकर 21 से 50 तक की गिनती सुनने और पढ़ने के अवसर प्रदान किए जाए ।<br>जैसे:<br>❖ अंककार्ड के जरिए गिनती सिखाने की प्रक्रिया ।<br>❖ अंककार्ड और शब्दकार्ड जोड़ने की प्रवृत्ति । |
| H506 शब्दकोश के क्रम के बारे में जानते हैं । | • शब्दकोश वर्णमाला परिचय ।<br>• शब्दकोश वर्णमाला क्रम की समझ । | • शब्दकोश क्रम के मुताबिक वर्णमाला क्रम का परिचय एवं एक से अधिक शब्दों को शब्दकोश के क्रम में लिख सके इस हेतु अवसर प्रदान किए जाएँ ।<br>जैसे :<br>❖ शब्दकोश का उपयोग ।<br>❖ शब्द के अर्थ खोजने की प्रवृत्ति करवाइए । |
| **अभिव्यक्ति** : | | |

DRAFT

| अध्ययन निष्पत्ति | अध्ययन मुद्दे | सीखने-सिखाने की प्रक्रिया |
|---|---|---|
| H507 संयुक्ताक्षरयुक्त शब्दों एवं सरल वाक्यों का शुद्ध रूप से उच्चारण और लेखन करते हैं । | • संयुक्ताक्षर की समझ ।<br>• संयुक्ताक्षरों का शुद्ध रूप से उच्चारण एवं लेखन ।<br>• शब्द एवं वाक्यों का शुद्ध रूप से वाचन एवं लेखन । | • संयुक्ताक्षरयुक्त शब्द एवं सरल वाक्यों का शुद्ध रूप से उच्चारण और लेखन के भिन्न-भिन्न अवसर कक्षा में प्रदान किए जाएँ ।<br>जैसे :<br>❖ संयुक्ताक्षरवाले शब्दों एवं सरल वाक्यों का पठन एवं लेखन तथा मार्गदर्शन कार्य । |
| H508 परिचित विषय के बारे में साहजिक रूप से बोलते हैं । | • परिचित विषय पर कथन । | • कक्षा में परिचित विषय के बारे में साहजिक रूप से बोलने के अवसर प्रदान किए जाएँ।<br>जैसे :<br>❖ 'मेरा गाँव', 'मेरी पाठशाला', 'गाय', 'पिताजी', 'मेला'... आदि । |
| H509 परिचित विषय पर साहजिक रूप से लिखते हैं । | • परिचित विषय पर लेखन । | • छात्रों को परिचित विषय पर साहजिक रूप से लिखने के मौके दिए जाएँ ।<br>जैसे :<br>❖ 'मेरा गाँव', 'मेरी पाठशाला', 'गाय', 'पिताजी', 'मेला'... आदि । |
| H510 व्यक्तिगत और सामूहिक रूप में काव्यगान करते हैं । | • व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप में काव्य गान । | • छात्रों को व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से काव्यगान करने के अवसर दिए जाएँ ।<br>जैसे-<br>❖ तकनीकी उपकरणों का उपयोग करके काव्य का श्रवण एवं गान करवाइए । |
| H511 सरल प्रश्नों के मौखिक और लिखित उत्तर देते हैं । | | |
| H511.01 सरल प्रश्नों के मौखिक उत्तर देते हैं । | • मौखिक प्रश्नोत्तर कार्य । | • छात्रों को प्रश्नों के मौखिक उत्तर देने के मौके दिए जाएँ । इस हेतु निम्नांकित अवसर दे सकते हैं ।<br>❖ शिक्षक प्रश्न पूछे छात्र उत्तर दे ।<br>❖ छात्र प्रश्न पूछे छात्र उत्तर दे । |

DRAFT

| अध्ययन निष्पत्ति | अध्ययन मुद्दे | सीखने-सिखाने की प्रक्रिया |
|---|---|---|
| | | ❖ छात्र प्रश्न पूछे शिक्षक उत्तर दे । |
| H511.02 सरल प्रश्नों के लिखित उत्तर देते हैं । | • लिखित प्रश्नोत्तर कार्य । | • छात्रों को प्रश्नों के लिखित उत्तर देने के मौके दिए जाएँ एवं शिक्षक द्‌वारा उचित रूप से जाँच करके मार्गदर्शन दिया जाएँ । |
| H512 शब्दों और अंकों में 21 से 50 तक की गिनती का उच्चारण एवं लेखन करते हैं । | • 21 से 50 तक की गिनती का शब्दों और अंको में उच्चारण एवं लेखन । | • 21 से 50 तक की गिनती का शब्दों और अंकों में उच्चारण एवं लेखन के अवसर उपलब्ध कराए जाएँ । |
| **सर्जनात्मकता** : | | |
| H513 चित्र के आधार से स्थानीय परिवेश में पाई जाने वाली चीजों (सब्जी, फल, अनाज, यातायात के साधन, रसोईघर, पेड़-पौधे) की जानकारी प्राप्त करते हैं । | • सब्जी, फल, अनाज, यातायात के साधन, रसोईघर के साधन, पेड़-पौधे की चित्र एवं प्रत्यक्षीकरण के जरिए जानकारी ।<br>• चित्र के आधार पर पहचान करके उसका लेखन करना । | • चित्र के स्थानीय परिवेश में पाई जानेवाली चीजों( सब्जी, फल, अनाज, यातायात के साधन, रसोईघर, पेड़-पौधे) की जानकारी के अवसर कक्षा, कक्षा बाहर और घर पर भिन्न-भिन्न अवसर उपलब्ध कराए जाएँ ।<br>जैसे :<br>❖ स्थानीय परिवेश में पाई जाने वाली चीजों का प्रत्यक्षीकरण करवाना ।<br>❖ सब्जी, फल, अनाज को वर्गीकृत करवाइए ।<br>❖ यातायात के साधन, रसोईघर, पेड़-पौधों को वर्गीकृत करवाइए ।<br>❖ चित्र के आधार पर पहचान करके उसका लेखन करवाना । |
| H514 छपी हुई सामग्री (जैसे- रेपर्स, अखबार, सामयिक) आदि पढ़कर समझते हैं । | • रेपर्स का वाचन एवं प्रश्नोत्तर के जरिए अर्थग्रहण ।<br>• अखबार का वाचन एवं प्रश्नोतर के जरिए अर्थग्रहण ।<br>• सामयिक का वाचन एवं प्रश्नोतर के जरिए अर्थग्रहण । | • कक्षा में और कक्षा के बाहर छपी हुई सामग्री (जैसे – रेपर्स, अखबार, सामयिक आदि) पढ़ने के अनेक अवसर प्रदान किए जाएँ ।<br>जैसे :<br>❖ पुस्तकालय का उपयोग करें ।<br>❖ पठित सामग्री के बारे में चर्चा करवाइए ।<br>❖ छपी हुई सामग्री के अर्थग्रहण हेतु भिन्न-भिन्न प्रकार के प्रश्नों के उत्तर लिखने के अवसर प्रदान कीजिए । |
| H515 चित्र के आधार पर लेखन करते हैं । | • चित्र का अवलोकन एवं प्रश्नोत्तर | • भिन्न-भिन्न चित्रों का अवलोकन एवं उसके बारे में प्रश्नोत्तर |

DRAFT

| अध्ययन निष्पत्ति | अध्ययन मुद्दे | सीखने-सिखाने की प्रक्रिया |
| --- | --- | --- |
| | • चित्र आधारित लेखन । | करवाइए ।<br>• चित्र आधारित लेखन के अवसर प्रदान कीजिए ।<br>• लेखन की जाँच एवं मार्गदर्शन कीजिए । |
| **व्यावहारिक उपयोजन** : | | |
| H516 सरल शब्द एवं समानार्थी, विरुद्धार्थी शब्दों का वाक्य में प्रयोग करते हैं । | | • छात्रों को सरल शब्द, समानार्थी एवं विरुद्धार्थी शब्दों का वाक्य में प्रयोग करने के अनेक अवसर कक्षा में प्रदान किये जाएँ ।<br>जैसे :<br>❖ शब्दार्थ की भिन्न-भिन्न प्रयुक्तियों (जैसे : प्रत्यक्षीकरण, मोडल दिखाकर, विग्रह करके, प्रसंग वर्णन से, आंगिक अभिनय, व्युत्पत्ति समझाकर आदि ) का उपयोग करके समझ देना ।<br>❖ शब्दों के समानार्थी, विरुद्धार्थी अर्थ ढूँढवाइए ।<br>❖ शब्दार्थ का वाक्य में प्रयोग करवाइए ।<br>❖ शब्द पहेली खेल की प्रवृत्ति करवाना । |
| H516.01 सरल शब्द का वाक्य में प्रयोग करते हैं । | • सरल शब्द का वाक्य में प्रयोग । | |
| H516.02 समानार्थी शब्दों का वाक्य में प्रयोग करते हैं । | • समानार्थी शब्दों का वाक्य में प्रयोग । | |
| H516.03 विरुद्धार्थी शब्दों का वाक्य में प्रयोग करते हैं । | • विरुद्धार्थी शब्दों का वाक्य में प्रयोग । | |
| H517 लिंग और वचन को समझकर वाक्य में प्रयोग करते हैं । | | • छात्रों को लिंग और वचन को समझकर वाक्य में प्रयोग करने के कक्षा में अवसर प्रदान किए जाएँ ।<br>जैसे :<br>❖ लिंग और वचन की पहचान ।<br>❖ लिंग और वचन का वाक्य में प्रयोग ।<br>❖ लिंग और वचन के आधारित शब्दों को वर्गीकृत करवाइए । |
| H517.01 लिंग को समझकर वाक्य में प्रयोग करते हैं । | • लिंग की समझ एवं उसका वाक्य में प्रयोग । | |
| H517.02 वचन को समझकर वाक्य में प्रयोग करते हैं । | • वचन की समझ एवं उसका वाक्य में प्रयोग । | |
| H518 संज्ञा, विशेषण और क्रिया को पहचानते हैं । | | • छात्रों को संज्ञा, विशेषण और क्रिया को समझकर वाक्यों में प्रयोग करने के कक्षा में मौके दिए जाएँ । |
| H518.01 संज्ञा को पहचानते हैं । | • संज्ञा की पहचान । | |



DRAFT

| अध्ययन निष्पत्ति | | अध्ययन मुद्दे | सीखने-सिखाने की प्रक्रिया |
|---|---|---|---|
| | H518.02 विशेषण को पहचानते हैं । | • विशेषण की पहचान । | जैसे :<br>❖ वाक्य में से संज्ञा, विशेषण और क्रिया पहचानने के मौके दिए जाएँ ।<br>❖ संज्ञा, विशेषण और क्रिया को वर्गीकृत करवाइए । |
| | H518.03 क्रिया को पहचानते हैं । | • क्रिया की पहचान । | |
| H519 | विशेषण और क्रिया का वाक्य में प्रयोग करते हैं । | | ❖ विशेषण और क्रियाओं का वाक्य में प्रयोग करवाइए । |
| | H519.01 विशेषण का वाक्य में प्रयोग करते हैं । | • विशेषण का वाक्य में प्रयोग । | |
| | H519.02 क्रिया का वाक्य में प्रयोग करते हैं । | • क्रिया का वाक्य में प्रयोग । | |
| H520 | मुहावरों का अर्थ समझकर वाक्य में प्रयोग करते हैं । | • मुहावरा का अर्थ समझना ।<br>• मुहावरा का वाक्य में प्रयोग । | • छात्रों को मुहावरे का अर्थ समझकर वाक्य में प्रयोग करने के अवसर कक्षा में दिए जाएँ ।<br>जैसे :<br>❖ वाक्य सामग्री में से मुहावरे ढूँढना और उसका वाक्य प्रयोग करना । |
| H521 | सरल वाक्यों का मातृभाषा में अनुवाद करते हैं । | • सरल वाक्यों का मातृभाषा में अनुवाद । | • हिंदी में सरल वाक्यों का मातृभाषा में अनुवाद करने के अवसर प्रदान किये जाएँ । |
| **तार्किक चिंतन**: | | | |
| H522 | दृश्य या घटना को देखकर वर्णन करते हैं । | • दृश्य का घटना का वर्णन । | • अपने इर्द-गिर्द के दृश्य और घटना को देखकर वर्णन करने के अनेक अवसर कक्षा में और कक्षा के बाहर प्रदान किये जाएँ । |
| H523 | चित्र के आधार पर कहानी का कथन करते हैं । | • चित्र के आधार पर कहानी का अर्थग्रहण ।<br>• चित्र के आधार पर कहानी का कथन । | • चित्र के आधार पर अनुमान लगाकर तरह-तरह की कहानियाँ पढ़ने के और कथन करने के अनेक अवसर कक्षा में और कक्षा के बाहर उपलब्ध करवाएँ जाएँ । |
| H524 | अधूरे वाक्य पूर्ण करते हैं । | • अधूरे वाक्य को पूर्ण बनाना । | • छात्र को अधूरे वाक्य पूर्ण करने के मौके दिए जाएँ । |
| H525 | दी गई परिस्थिति के बारे में सोचकर अपनी राय देते हैं । | • भिन्न-भिन्न परिस्थितियों में सोचकर राय देना । | • छात्रों को दी गई परिस्थितियों के बारे में सोचकर अपनी राय देने के अवसर प्रदान किये जाएँ ।<br>जैसे :<br>❖ घटना वर्णन ( गली में कुत्तों की लड़ाई ) । |

DRAFT

| अध्ययन निष्पत्ति | अध्ययन मुद्दे | सीखने-सिखाने की प्रक्रिया |
|---|---|---|
| H526 चित्र का अवलोकन करके भेद ढूँढते हैं । | • चित्र का अवलोकन ।<br>• दो भिन्न चित्रों में से भेद ढूँढना । | • भिन्न-भिन्न चित्रों के अवलोकन करके भेद ढूँढने के अनेक अवसर प्रदान किए जाएँ । |
| H527 एक वाक्य को अलग-अलग तरीकों से अभिव्यक्त करते हैं । | • वाक्य की अलग-अलग तरीकों से अभिव्यक्ति । | • छात्रों को एक वाक्य को अलग-अलग तरीकों से अभिव्यक्त करने के कई अवसर कक्षा में और कक्षा के बाहर प्रदान किये जाएँ ।<br>जैसे :<br>❖ निम्नलिखित वाक्य को अलग अलग ढंग से बोलना ।<br>- आइए ।<br>- अपने घर जाइए । |
| H528 संकेत में कही हुई बात को समझकर विवरण देते हैं । | • सांकेतिक बात को समझकर विवरण देना । | • छात्रों को संकेत में कही और लिखी हुई बातों को समझकर विवरण देने के अनेक अवसर कक्षा में और कक्षा के बाहर दिए जाएँ ।<br>जैसे :<br>❖ संकेत परिचय करवाइए ।<br>❖ संकेतों का विवरण करवाइए । |
| H529 श्रव्य या वाच्य सामग्री में से अंतर्निहित मूल्य (जैसे- अनुशासन, ईमानदारी, आज्ञापालन, पर्यावरण संवर्धन, स्वच्छता, राष्ट्रप्रेम) विकसित करते हैं। | • भिन्न-भिन्न विधाओं का श्रवण एवं मूल्य खोज विधि कार्य ।<br>• भिन्न-भिन्न विधाओं का वाचन एवं मूल्य खोज विधिकार्य | • श्रव्य या वाच्य सामग्री पढ़कर चर्चा करके उसमें निहित मूल्य खोज करने के अनेक अवसर कक्षा में प्रदान किए जाएँ ।<br>जैसे :<br>❖ ऑडियो/वीडियो सामग्री का श्रवण एवं निदर्शन करवाइए ।<br>❖ सामग्री में से निहित मूल्य ढूँढवाइए । |
| H530 छात्र में निर्णयशक्ति, स्वजागृति, प्रभावी सम्प्रेषण जैसे जीवन कौशल विकसित करते हैं । | • जीवन कौशल विकसित करना । | • घटना का वर्णन करना और छात्रों को निर्णय लेने के लिए कहना ।<br>❖ आपत्ति व्यवस्थापन की चर्चा कक्षा में कीजिए ।<br>❖ अध्यापक-छात्र, छात्र-छात्र के बीच संवाद (प्रत्यायन) के अवसर प्रदान किए जाएँ । |

DRAFT